2016 से 18 तक के शिक्षकों के मामले पर विवि ने मांगा निर्देश

प्रमोशन की गेंद फिर गई यूजीसी के पाले में

बीएचयू

03 वर्ष के दौरान नियुक्त शिक्षक हैं स्थायी होने की प्रतीक्षा में

12 बजे रात बुधवार को वीसी से मिलने गए थे नाराज शिक्षक

- पे लेवल 10 से 11 में जाने वाले शिक्षकों के इंक्रिमेंट पर जिच
- शिक्षकों ने उठाए सवाल, नियमों की मनमानी व्याख्या का आरोप



जल्द निकलेगा सकारात्मक समाधान

बीएचयू प्रशासन की तरफ से बताया गया कि शिक्षकों की पदोन्नति, नोशनल इन्क्रिमेंट सहित सभी मामलों का जल्द ही सकारात्मक समाधान निकलेगा। वीसी का मत है कि किसी भी स्थिति में शिक्षकों या कर्मचारियों का नुकसान न हो। वीसी की तरफ से सभी निदेशक, संकाय प्रमुख और प्राचार्यों को भेजे गए ईमेल में भी प्रकरण के शीघ्र और बेहतर समाधान की बात कही गई है।

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। बीएचयू में 10 से 11 वर्ष से पदोन्नति और ग्रेड की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों का मामला एक बार फिर यूजीसी के पास भेज दिया गया है। 2016 और 18 में नियुक्त कई ऐसे शिक्षक भी हैं जो बीएचयू में स्थायी होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। शिक्षकों ने बीएचयू प्रशासन पर नियमों की मनमानी व्याख्या का आरोप लगाया है। बीएचयू में ऐसे शिक्षकों की संख्या ढाई सौ से ज्यादा है। इनमें 35 से ज्यादा महिला शिक्षक भी हैं।

बुधवार की रात साढ़े 12 बजे तक समिति कक्ष में कुलपति से मिलने के लिए बैठे शिक्षकों ने प्रशासन के रवैये पर नाराजगी जताई है। इससे पहले 26 जुलाई-2025 को भी तत्कालीन कार्यवाहक कुलपति संजय कुमार से भी लगभग ढाई सौ शिक्षकों ने इस प्रकरण पर मैराथन बैठक की थी। पे-लेवल 10 से 11 में पदोन्नति से साथ वाणिज्य संकाय में शिक्षकों का प्रोबेशन खत्म कर उन्हें स्थायी करने की मांगें इनमें प्रमुख हैं। इसके अलावा कॅरियर एडवांसमेंट सिस्टम की गलत व्याख्या, नियमानुसार पदोन्नति, पूर्व सेवाओं की गिनती, पीएचडी और पदोन्नति से जुड़े नोशनल इन्क्रिमेंट, परीक्षा कार्यों मूल्यांकन, निगरानी का पारिश्रमिक बहाल करने और सीजीएचएस जैसी कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा शुरू करने जैसी मांगे भी लंबित हैं।

शिक्षकों ने हर प्रकरण पर यूजीसी से निर्देशन लेने पर भी बीएचयू के बड़े प्रशासनिक अमले की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा किया है। बताया कि इसी तरह प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में विभागाध्यक्ष की नियुक्ति विवाद का पटाक्षेप भी यूजीसी के हस्तक्षेप के बाद हुआ था। पदोन्नति के कई मामले कोर्ट के आदेश के बाद क्रियान्वित किए गए तो पूर्व में रिटायर वरिष्ठ शिक्षकों के सीपीएफ-जीपीएफ का प्रकरण भी यूजीसी को भेजकर बंद कर दिया गया। बीएचयू में पिछले वर्ष के पीएचडी प्रवेश में गड़बड़ी का मामला भी यूजीसी के हस्तक्षेप के बाद निस्तारित हुआ था।

पदोन्नति की प्रतीक्षा में हो गए सेवानिवृत्तः बीएचयू में कई ऐसे भी मामले हैं जहां पदोन्नति का इंतजार करते हुए शिक्षक सेवानिवृत्त भी हो गए। संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय से सेवानिवृत्त हुए ऐसे ही एक एसोसिएट प्रोफेसर भक्तिपुत्र रोहतम के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पिछले दिनों साक्षात्कार कराया गया। नियमानुसार उन्हें सेवानिवृत्ति से दो वर्ष पहले ही पदोन्नति मिलनी चाहिए थी। इसी बीच कॅरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत तमाम शिक्षक सीनियर प्रोफेसर तक पहुंच गए लेकिन वहीं ढाई सौ से ज्यादा शिक्षकों को नियमानुसार प्रमोशन नहीं मिल सका।

यूपी कॉलेजः छात्रों का धरना स्थगित

यूपी कॉलेज परिसर में गुरुवार को तीसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे छात्र।

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। यूपी कॉलेज परिसर में सूर्य प्रताप सिंह की हत्या के मामले में छात्रों का धरना गुरुवार देर रात करीब 12 बजे स्थगित हो गया। छात्रों, पुलिस अधिकारियों, और कैंपस सलाहकार के बीच हुई वार्ता के बाद यह फैसला लिया गया। धरना दे रहे छात्रों ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल अपनी जायज मांगों को प्रशासन तक पहुंचाना था। छात्रों के अनुसार प्रशासन ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।

इसके पूर्व गुरुवार को तीसरे दिन धरना जारी था। छात्रों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और घटना पर नाराजगी जताई। छात्रों ने कॉलेज प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस आंदोलन में हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के छात्र भी बड़ी संख्या में उतर आए थे।

विद्यापीठ की पहल, 'पढ़ाई संग कमाई' करेंगे विद्यार्थी

- जारी किया रजिस्ट्रेशन लिंक, कौशल कार्यक्रमों से जुड़ेंगे विवि के छात्र

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। काशी विद्यापीठ में विद्यार्थियों को 'पढ़ाई के साथ कमाई' के भी मौके दिए जाएंगे। विद्यापीठ के बौद्ध भवन में संचालित हर प्रसाद गुप्त इनक्यूबेशन फाउंडेशन, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल और हैप्पी लाइफ टेक्नोसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से विद्यार्थियों के लिए यह विशेष कार्यक्रम शुरू किया गया है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है।

इनक्यूबेशन फाउंडेशन के निदेशक प्रो. मोहम्मद आरिफ ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों से जोड़ना है। इस कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके लिए गूगल फॉर्म का लिंक जारी किया गया है। पंजीकरण के बाद विद्यार्थियों को अंतिम रजिस्ट्रेशन पूर्ण करने के लिए इनक्यूबेशन फाउंडेशन या सेवायोजन-प्लेसमेंट सेल में व्यक्तिगत रूप से आकर प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

हैप्पी लाइफ टेक्नोसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक संदीप कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को वर्क रेडनेस मॉड्यूल के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे वे उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कौशल को विकसित कर सकेंगे।

वर्तमान दौर में विदेशी भाषाओं का महत्व

वाराणसी। काशी विद्यापीठ के अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषा विभाग द्वारा 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में विदेशी भाषाओं का अध्ययन' व्याख्यान का आयोजन किया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज धनकड़ ने चिंता जताई कि जिस तरह से आज के विद्यार्थी बिना समझे एआई का उपयोग कर रहे हैं, वह उनके बौद्धिक विकास के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है।

द इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेजेस यूनिवर्सिटी में रूसी भाषा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पुष्प रंजन ने कहा कि यदि एआई और मानवीय बुद्धिमत्ता का संतुलित उपयोग किया जाए, तो कम समय और कम मेहनत में बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। छात्रों को भाषा सीखने और व्याकरण सुधारने के विभिन्न आधुनिक टूल्स की जानकारी दी।

कैंपस 30s

एमएमवी में कला शिविर और प्रदर्शनी

वाराणसी। बीएचयू में गुरुवार को राज्य ललित कला अकादमी, संस्कार भारती विश्वविद्यालय इकाई, इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स और एमएमवी की तरफ से अंतरराष्ट्रीय कला शिविर और प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. मंगला कपूर, संस्कार भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री दीपक शर्मा के साथ ही नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश और दक्षिण कोरिया के कलाकार मौजूद रहे।

बीएससी कृषि की मिड टर्म परीक्षा चार अप्रैल से

वाराणसी। यूपी कॉलेज में पठन-पाठन सुचारु रूप से चलाने की पहल शुरू हो गई है। प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीजी की ऑफलाइन कक्षाएं गुरुवार को भी संचालित की गईं। चार अप्रैल से बीएससी कृषि द्वितीय, चतुर्थ और छठवें सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षाएं होंगी। साथ ही कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षाएं 10 अप्रैल से प्रारंभ हो रही हैं।

बाल विद्यालय में वितरित हुआ वार्षिक परीक्षाफल

वाराणसी। बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल पड़ाव का परीक्षाफल गुरुवार को वितरित किया गया। उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण विद्यालय के निदेशक मुकुल पांडेय, प्रह्लादघाट की प्रधानाचार्या स्नेहलता पाण्डेय और डोमरी विद्यालय की प्रधानाचार्या नीता त्रिपाठी और मुख्य मार्केटिंग मैनेजर अपूर्वा पाण्डेय द्वारा किया गया। निदेशक मुकुल पांडेय बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

प्रधानाचार्य के निलंबन पर डीआईओएस से मिले

वाराणसी। गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज गौराकला के तदर्थ प्रधानाचार्य चंद्रशेखर मौर्य के निलंबन के प्रकरण में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल डीआईओएस भोलेंद्र प्रताप सिंह से मिला। शिक्षकों ने कहा कि 60 दिन की अवधि बीतने के बाद निलंबन स्वतः समाप्त हो जाता है। मगर विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य को ज्वाइन नहीं करा रहे। डीआईओएस ने प्रबंधक से फोन पर बात कर निर्देश दिए।

अग्रसेन कॉलेज में 9 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

वाराणसी। अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी और एमकॉम में प्रवेश के लिए आवेदन 9 अप्रैल से शुरू होंगे। प्राचार्य प्रो. मिथिलेश सिंह ने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। एक जुलाई से 31 अगस्त तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने की सुविधा होगी।

वीसी ने बालिका गृह की छात्राओं की समस्या सुनी

वाराणसी। काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने आचार्यों की टीम के साथ राजकीय बालिका गृह रामनगर में निवासित बालिकाओं के साथ संवाद किया। कुलपति ने बालिकाओं की अध्ययन और परीक्षा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए टीम को निर्देशित किया। इस दौरान राजकीय बालिका गृह के कर्मचारियों ने डॉक्टर एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की आवश्यकता बताई।

ओड़िया संस्कृति और खानपान पर हुई चर्चा

वाराणसी। बीएचयू में आयोजित 'ओड़िया को जानें, ओडिशा को जानें : ओड़िया सांस्कृतिक विरासत की एक झलक' कॉन्क्लेव के दूसरे दिन ओडिशा के लैंगिक विमर्श, समाज और खाद्य संस्कृति पर गहन चर्चा की गई। दूसरे दिन के पहले सत्र 'ओडिशा में जेंडर विमर्श' में प्रो. विजयलक्ष्मी नंदा ने व्यक्तिगत और अकादमिक दोनों दृष्टिकोणों से लैंगिक मुद्दों का सम्यक विश्लेषण प्रस्तुत किया।

पंजीकृत करें स्कूली वाहन-चालक का विवरण

वाराणसी। परिवहन विभाग की ओर से स्कूल वाहन निगरानी प्रणाली पोर्टल पर विवरण दर्ज करने के लिए एक से 15 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वाहनों की सुरक्षा और मानकों को सुनिश्चित कराने के लिए विद्यालय संचालकों को 'यूपीआईएसवीएमपी' पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। एआरटीओ (प्रवर्तन) सुधांशु रंजन ने समय से स्कूली वाहनों का विवरण पोर्टल पर अपलोड करने को कहा है।

शिक्षण-शोध में डीएवी और मिरांडा हाउस काम करेंगे

- फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत कार्यशाला और संगोष्ठी आयोजित होगी

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। डीएवी पीजी कॉलेज और मिरांडा हाउस (नई दिल्ली) शिक्षण-शोध के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत दोनों कॉलेजों के बीच गुरुवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्य प्रो. मिश्रीलाल और प्रो. विजयलक्ष्मी नंदा ने समझौते पर दस्तखत किया।

एमओयू के अंतर्गत सिम्पोजियम, कार्यशाला, कॉन्फ्रेंस, प्रशिक्षण कार्यक्रम और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। डीएवी पीजी कॉलेज के प्रबंधक अजीत कुमार सिंह यादव ने शुभकामना दी। इस मौके पर उप प्राचार्य प्रो. संगीता जैन, प्रो. राहुल, डॉ. स्वाति, सुचरिता नंदा, डॉ. जियाउद्दीन, कुंवर शशांक शेखर, सुरजीत सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

'महिला नेतृत्व : चुनौतियां एवं समाधान' विषयक संगोष्ठी में मिरांडा हाउस की प्राचार्या प्रो. विजयलक्ष्मी नंदा ने कहा कि महिलाओं के जिम्मेदारी न संभाल पाने का मिथक समाज फैलाया गया। विशिष्ट वक्ता स्वामी विवेकानंद कॉलेज (नई दिल्ली) की डॉ. शाम्भवीमणि रहीं।

ईंधन की बचत करना सामाजिक जिम्मेदारी

वाराणसी। काशी विद्यापीठ में गुरुवार को बीएड प्रशिक्षणार्थियों के स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम में ईंधन बचत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता होने पर ईंधन की समस्या होना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में ईंधन बचत केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी है। विभागाध्यक्ष प्रो. रमाकांत सिंह ने कहा कि छोटी दूरी के लिए पैदल चलें या साइकिल का उपयोग करें। इस अवसर पर अतिरिक्त कुलानुशासक डॉ. अंबरीष राय, डॉ. राजेंद्र यादव, डॉ. सतीश कुशवाहा, स्काउट प्रशिक्षक जाकिर हुसैन आदि थे।

'अनुशासन, सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी'

बीएचयू के त्रिवेणी कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को 'स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम' के शुभारंभ पर विचार रखते कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी।

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। बीएचयू के त्रिवेणी कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को 'स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम' का कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में छात्राओं, छात्रावास संरक्षकों, संकाय सदस्यों और विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा एवं समग्र कल्याण से जुड़े विषयों पर सार्थक संवाद किया। अतिथियों ने त्रिवेणी कॉम्प्लेक्स में 'दिव्यांग शौचालय' का संयुक्त रूप से उद्घाटन भी किया।

कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि छात्रावास एवं परिसर जीवन में स्वास्थ्य, स्वच्छता, अनुशासन और सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारियां हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे छात्रावासों एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं और अपने दैनिक आवासीय एवं शैक्षणिक जीवन को प्रभावित करने वाले मुद्दों के प्रति सजग रहें। विशिष्ट अतिथि चारू चतुर्वेदी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बारे में संवाद निरंतरता अत्यंत आवश्यक है और विश्वविद्यालय के छात्रावासों में इस संबंध में कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहजनक है। इस दौरान प्रो. रंजन कुमार सिंह, प्रो. रीता सिंह भी थीं।

गौतमबुद्ध नगर चैंपियन, वाराणसी की टीम उपजेता

सिटी स्पोर्ट्स

बेलवरिया में विजेता पहलवानों को पुरस्कृत करते जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव सिंह राजू।

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। सिंधोरा मार्ग स्थित बेलवरिया में बुधवार को अंडर 20 जूनियर पुरुष, महिला कुश्ती स्टेट चैम्पियनशिप का समापन हुआ। बालिका, ग्रीको रोमन एवं फ्री स्टाइल में 235 अंक के साथ गौतम बुद्ध नगर की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। जबकि 205 अंक के साथ वाराणसी की टीम उप विजेता रही। बालिका वर्ग में वाराणसी की टीम चैंपियन रही, गौतम बुद्ध नगर उप विजेता रहा। फ्री स्टाइल पुरुष कुश्ती में गौतम बुद्ध नगर प्रथम, वाराणसी की टीम द्वितीय रही। ग्रीको रोमन में बागपत की टीम अव्वल रही। गौतमबुद्ध नगर दूसरे नंबर पर, बरेली की टीम तीसरे नंबर पर रही।

आखिरी दिन भी ग्रीको रोमन के मुकाबले हुए। विभिन्न वर्गों में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पहलवानों के नाम इस प्रकार है- 60 किलो- चितरांशु (आगरा), आकाश यादव (जौनपुर), वीर सेन (गोंडा)- दुर्गेश (आजमगढ़)। 72 किलो- विशाल खोखर (बागपत), महेश यादव (चंदौली), अर्जुन (हापुड़)-पवन कुमार (स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर)। 55 किलो- आदित्य (बरेली), हरिओम (गोरखपुर), अभिनव मिश्रा (अमरोहा)-राहुल (सहारनपुर)।

फ्रीस्टाइल- 79 किलो- सौरभ यादव (जौनपुर), सौरभ यादव (वाराणसी), विशाल (गाजियाबाद)-आयांश (बिजनौर) तृतीय रहे। 92 किलो- अनुज गौतम (अलीगढ़), जितेंद्र (स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर), प्रिंस (गौतमबुद्ध नगर)-दीपक यादव (मऊ)। 125 किलो- लक्ष्य (वाराणसी), अंकित यादव (चंदौली), संदेश (बागपत)-जय यादव (गौतम बुद्ध नगर)। यूपी कुश्ती संघ के महासचिव सुरेश चंद्र उपाध्याय और वाराणसी कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव सिंह रानू ने टीमों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर डॉ. अतुल सिंह, मनोहर पहलवान, रामू पहलवान आदि थे।

नेक्स्ट जेन डाकघर में मिनी लाइब्रेरी, खेल की भी सुविधा

काशी विद्यापीठ परिसर में गुरुवार को नेक्स्ट जेनरेशन डाकघर का उद्घाटन करते वीसी प्रो. आनंद कुमार त्यागी एवं पोस्टमास्टर जनरल पद्मगन्धा मिश्रा।

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। काशी विद्यापीठ परिसर में गुरुवार को नेक्स्ट जेनरेशन डाकघर का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी एवं पोस्ट मास्टर जनरल पद्मगन्धा मिश्रा ने इसका उद्घाटन किया। इस डाकघर में मिनी लाइब्रेरी, कैरम, शतरंज खेलने और वाई-फाई सुविधा भी मिलेगी।

प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि काशी विद्यापीठ परिसर में वाराणसी डाक परिक्षेत्र का पहला नेक्स्ट जेन पोस्ट ऑफिस खुला है। यह प्रयास डाक विभाग की युवाओं के प्रति नई सोच को दिखाता है। इससे युवाओं का डाक विभाग के प्रति जुड़ाव और भी सुदृढ़ होगा।

पद्मगंधा मिश्रा ने कहा कि डाकघरों को जीवंत करने, विद्यार्थी केंद्रित प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देना है। नेक्स्ट जेन डाकघर परंपरा और आधुनिकता का संगम हैं। यहां विद्यार्थी डाकघर की सेवाएं प्राप्त करने के साथ अलग स्थान पर चाय-कॉफी का आनंद ले सकते हैं। डाकघर परिसर में आरामदायक टेबल और कुर्सी की व्यवस्था की गई है। इस डाकघर में ग्राहकों को डिजिटल डाक सेवाएं, स्पीड पोस्ट, पार्सल, ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स, बैंकिंग सेवाएं, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध होंगी।

सिगरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रशिक्षकों की तैनाती

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। सिगरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेल निदेशालय की ओर से विभिन्न खेलों के लिए अंशकालिक प्रशिक्षकों की तैनाती की गई है। एथलेटिक्स के चंद्रभान यादव, कबड्डी की शिखा सिंह, कयाकिंग की आकांक्षा और संजय श्रीवास्तव, क्रिकेट के अमल चतुर्वेदी, जिम्नास्टिक में अतुल कुमार शाही, जूडो के संतोष कुमार, तैराकी के सत्यम शर्मा, फुटबॉल के अवधेश पटेल, बास्केटबॉल के आशीष दुबे, बैडमिंटन के रोहित सिंह, हॉकी के अंकित गुप्ता, सुधीर कुमार सिंह, हैंडबॉल के अमित कुमार पांडेय, वॉलीबाल की पूजा यादव कोच होंगी। उधर कॉम्प्लेक्स में तरणताल में अभ्यास के लिए सत्र की शुरुआत हो गई है। पहले दिन गुरुवार को 150 फार्म बिके।

कार्यालय निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक, मानसिक चिकित्सालय वाराणसी

पत्रांक - मा.चि.वा./एन.एच.एम./डी.एन.बी./2026-27/1194 दिनांक-02.04.2026

प्रेस विज्ञप्ति

मानसिक चिकित्सालय वाराणसी साइकेट्री में पोस्ट एम0बी0बी0एस0 03 वर्षीय डी0एन0बी0 कोर्स का संचालन किया जा रहा है। मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक 01/एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/डी0एन0बी0एस0/2025-26/990-2 दिनांक 28.05.2025 के द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के अनुसार डी0एन0बी0 कोर्स के संचालन हेतु स्वीकृति के क्रम में प्रत्येक विभाग में सीनियर रेजिडेंट का चयन वॉक-इन-इण्टरव्यू के माध्यम से किया जाना है, जिसका विवरण निम्नवत् है-

क्र0सं0	कार्यक्रम का नाम	पदनाम	चिकित्सालय का नाम	अनिवार्य शैक्षिक अर्हता	अनुभव	रिक्त पद की संख्या	मासिक मानदेय रू0 में
1	डी0एन0बी0 साईकेट्री	सीनियर रेजिडेंट	मानसिक चिकित्सालय वाराणसी	एम0डी0 (साइकेट्री)	अनुभवी को वरियता	02	1,25,000.00

आवेदन हेतु निर्देश-
- उपरोक्त पद पर वॉक-इन-इण्टरव्यू दिनांक 24.04.2026 को पूर्वान्ह 02.00 बजे से अपरान्ह 05.00 बजे तक स्थान कार्यालय मानसिक चिकित्सालय वाराणसी में सम्पादित किया जाना है।
- इच्छुक अभ्यर्थी वॉक-इन-इण्टरव्यू हेतु दिनांक 24.04.2026 को प्रातः 12.00 बजे तक नवीनतम बायोडाटा, सभी मूल शैक्षणिक अभिलेखों, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण-पत्रों की स्व-प्रमाणित प्रतियों के 01 सेट के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग करेंगे।
- जो अभ्यर्थी सीनियर रेजीडेन्ट्स उपरोक्त वर्णित विषय में आवेदन के लिए इच्छुक है वे अपना बायोडाटा mentalhospitalvara@gmail.com पर ई-मेल कर सकते है अथवा चिकित्सालय के कार्यालय में दिनांक 23.04.2026 तक कार्यावधि में आकर जमा कर सकते है।
- यह पद पूर्णतया मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
- उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरांत आगे बढ़ाया जा सकता है।
- साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।
- इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।
- चयन प्रक्रिया को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए सम्पादित किया जायेगा।
- कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर जिला स्वास्थ्य समिति/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश द्वारा एक महीने का नोटिस या नोटिस के बदले एक महीने के वेतन के बराबर धनराशि देकर चयनित अभ्यर्थी की संविदा/सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा।
- चयन समिति का निर्णय अन्तिम एवं सर्वोपरि होगा।

निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक,
मानसिक चिकित्सालय वाराणसी।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा : प्रथम तल, श्री बेरीवाला स्मृति भवन, पी.डी.आर मॉल के पास, लक्सा रोड, वाराणसी 221010 (उ0प्र0) ई-मेल : sarvar@bankofbaroda.com
वेबसाइट : www.bankofbaroda.bank.in, मोबाइल न0 9554959534

विक्रय सूचना
अचल सम्पत्तियों के बिक्री हेतु अनुलग्न - IV-A
[नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान देखें]

वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूतिहित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी/जमानतकर्ता एवं कानूनी वारिसों को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभारयुक्त सांकेतिक सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में ले लिया गया है, को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है", "जो है जैसे है" एवं "जो कुछ भी है"** के आधार पर ई-नीलामी/ बिक्री की जायेगी। ऋणी/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस/प्रतिभूति आस्ति/देय/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है-

नीलामी की तिथि 23.04.2026, समय दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक

धरोहर राशि (ई.एम.डी.) का भुगतान ऑनलाईन एनईएफटी/ट्रांसफर (चालान निष्पादन के बाद) (https://baanknet.com) के द्वारा दिनांक 23.04.2026 या उसके पहले किया जायेगा।

क्र. सं.	ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिसों का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण	कुल बकाया धनराशि	आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/ भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
1.	**ऋणकर्ता : मेसर्स विश्वनाथ ट्रेडर्स** **पंजीकृत पता :** के 46/17, विशेश्वरगंज, वाराणसी 221001 **प्रोपराइटर :** श्री मदन लाल जायसवाल **पता निवासी :** डी 59/165-1, गोविन्द नगर, शिवपुरवा, महमूरगंज, वाराणसी 221010	भूमि व भवन मकान संख्या डी 59/165-1, **क्षेत्रफल 900 वर्ग फिट**, मोहल्ला शिवपुरवा, परगना देहात अमानत, वार्ड दशाश्वमेध, जिला वाराणसी में स्थित है जो कि **श्री मदन लाल जायसवाल** के नाम है। **चौहद्दी (विक्रय विलेख के अनुसार): पूरब** – मुन्नी लाल का मकान, **पश्चिम** – सूक्खु का मकान संख्या डी 59/165-2, **उत्तर** – धन्नी, मोहन एवं अन्य का मकान, **दक्षिण** – 8 फिट चौड़ी गली।	रू. 1,24,88,953.21/- + ब्याज दिनांक 02.04.2024 से + अन्य खर्च (माँग सूचना जारी होने के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	रू. 69,30,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 6,93,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 25,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	दिनांक 22.04.2026 समय दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक
2.	**ऋणकर्ता : मेसर्स श्री इण्डियन फार्मा** **पंजीकृत पता :** के 61/144, सप्तसागर मुकुंद निकेतन, वाराणसी 221001 (उ0प्र0) **प्रोपराइटर :** श्री संजय कुमार केशरी पुत्र श्री राधेश्याम केशरी **पंजीकृत पता :** सी के 65/251, मोहल्ला बड़ी पियरी, चेतगंज, वाराणसी 221001 (उ0प्र0) **जमानतकर्ता :** श्री अनिल कुमार कसेरा पुत्र श्री नन्द लाल कसेरा **पता :** सी के 65/251, मोहल्ला बड़ी पियरी, चेतगंज, वाराणसी 221001 (उ0प्र0)	अचल सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड मकान संख्या सी.के. 65/377-एस, **क्षेत्रफल 266.06 वर्ग फिट यानि 24.73 वर्ग मीटर** ढका हुआ क्षेत्रफल 297.70 (भूतल 215.50 वर्ग फिट यानि 20 वर्ग मीटर + प्रथम तल 82.5 वर्ग फिट यानि 7.67 वर्ग मीटर) मोहल्ला बड़ी पियरी, वार्ड चेतगंज, जिला वाराणसी, उत्तर प्रदेश में स्थित है जो कि **श्री संजय कुमार केशरी पुत्र श्री राधेश्याम केशरी एवं श्री अनिल कुमार कसेरा पुत्र श्री नन्द लाल कसेरा** के नाम है। **चौहद्दी : पूरब** – बंद गली पत्थर चौका 4 फिट चौड़ा, **पश्चिम** – राम जी यादव का मकान, **उत्तर** – मकान संख्या सी.के. 65/377, **दक्षिण** – मकान संख्या सी.के. 65/377 -एस-1 एवं मकान संख्या सी.के. 65/377-एस-2	रू. 87,65,118.01/- + ब्याज दिनांक 09.01.2023 से + अन्य खर्च (माँग सूचना जारी होने के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	रू. 27,25,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 2,72,500/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	दिनांक 22.04.2026 समय दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक
3.	**ऋणकर्ता : (1) श्री वेद प्रकाश पुत्र श्री गया प्रसाद (2) श्रीमती रिनू ठाकुर पत्नी श्री वेद प्रकाश** **दोनों का पता :** मकान संख्या 11/45, सुमन नगर, ओबरा परशोई, सोनभद्र 231219 (उ0प्र0)	अचल सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड जो आवासीय भूमि व भवन से मिलकर बना अराजी संख्या 2874 के, **क्षेत्रफल 253.00 वर्ग मीटर यानि 2.00 बिस्वा**, ग्राम बिल्ली मारकुण्डी, परगना अगोरी, तहसील ओबरा, एसआरओ ओबरा, जिला सोनभद्र 231219 उत्तर प्रदेश में स्थित है जो कि **श्री वेद प्रकाश पुत्र श्री गया प्रसाद** के नाम है। **चौहद्दी : पूरब** – विकेता की शेष भूमि जिसमें 10 फिट चौड़ी खुली गली है, **पश्चिम** – विकेता की भूमि, **उत्तर** – विकास प्राधिकरण की चारदिवारी, **दक्षिण** – 15 फिट रोड।	रू. 62,81,896.53/- + ब्याज दिनांक 07.05.2024 से + अन्य खर्च (माँग सूचना जारी होने के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	रू. 70,00,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 7,00,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 25,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	दिनांक 22.04.2026 समय दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक
4.	**ऋणकर्ता : श्रीमती राज कुमारी देवी पत्नी श्री रतन शाह** **सह-ऋणकर्ता : (1) श्री विजय शाह पुत्र रतन शाह (2) श्री अजय कुमार शाह पुत्र श्री रतन शाह** **सभी का पता :** मकान संख्या 3-डी-4, क्लब संख्या 1 से पहले बगल की झोपड़ी, वार्ड संख्या 02, ओबरा, परशोई, सोनभद्र 231219 (उ0 प्र0)	अचल सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड जिसमें भूमि व भवन शामिल है अराजी संख्या 4208 ख, **क्षेत्रफल 126.5 वर्ग मीटर यानि 0.01265 हेक्टेयर**, ग्राम बिल्ली मारकुण्डी, परगना अगोरी, तहसील ओबरा, जिला सोनभद्र 231219 उत्तर प्रदेश में स्थित है जो कि **श्रीमती राज कुमारी देवी पत्नी श्री रतन शाह** के नाम है। **चौहद्दी : पूरब** – रामरती देवी की भूमि, **पश्चिम** – संगीता देवी की भूमि, **उत्तर** – विकेता की भूमि, **दक्षिण** – प्रस्तावित कच्चा रास्ता 10 फिट चौड़ा।	रू. 25,02,314/- + ब्याज दिनांक 21.10.2024 से + अन्य खर्च (माँग सूचना जारी होने के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	रू. 24,27,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 2,42,700/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	दिनांक 22.04.2026 समय दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

बिक्री के नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक पर अवलोकन करें – www.bankofbaroda.bank.in/e-auction.htm & https://baanknet.com तथा इच्छुक बोलीकर्ता **प्राधिकृत अधिकारी** के **मोबाईल नं. 9554959534**, ईमेल : sarvar@bankofbaroda.com से सम्पर्क कर सकते है।

दिनांकित : 02.04.2026 स्थान : वाराणसी ह0 प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा